विधान परिषद प्रश्न/समयबद्ध

संख्या-63/वि0प0-4/84-डे0ई0-14-वि0प0-4/2014

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 06 फरवरी, 2014

विषय:- विधान परिषद के प्रथम सत्र 2014 के प्रथम बुद्धवार हेतु निर्धारित श्रीमती सविता सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-08 का उत्तरालेख्य उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विधान परिषद सचिवालय (प्रश्न अनुभाग) के पत्र संख्या-236/वि0प0 प्रश्न /2014, दिनांक 04 फरवरी, 2014, जिसमें विधान परिषद प्रश्न उल्लिखित है, के पत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विधान परिषद के प्रथम सत्र 2014 के प्रथम बुद्धवार हेतु निर्धारित, श्रीमती सविता सिंह मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-08 का उत्तरालेख्य शासन को दो दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया जाना अपेक्षित है।

संलग्नक::यथोक्त।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि खाद्य एवं रसद डेस्क इकाई को उनके पत्र संख्या-वि0प0-09/29-डे0ई0-2014, दिनांक 06 फरवरी, 2014 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/